महिलाओं के हुनर से सजेगी दिवाली, जुटीं समूह की महिलाएं

संवाद न्यूज एजेंसी

मुजफ्फरनगर। दीपावली पर हर घर में खुशियों के दीप जलें और आंगन रोशनी से जगमगाएं, इसके लिए स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं अपने हुनर को आकार देने में जुटी हैं। दीपक, लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियां और सजावटी मालाओं के जरिए त्योहार की रौनक बढ़ाने की तैयारी चल रही है।

समूह की महिलाओं के लिए दीपावली केवल आस्था और उत्सव का अवसर नहीं, बल्कि आमदनी बढ़ाने और आत्मनिर्भरता की राह मजबूत करने का भी मौका है।

बघरा विकासखंड के मिशन प्रबंधक रजत गुप्ता ने बताया कि

दीपक, लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियां और मालाएं तैयार करने में जुटीं महिलाएं

समूहों की महिलाएं दीपावली पर पूजन सामग्री तैयार करने के साथ बाजार की मांग के अनुरूप उत्पाद जुटाने में लगी हैं।

महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए समय-समय पर मोमबत्ती बनाने का प्रशिक्षण भी दिया गया है। महिलाएं उत्साह के साथ काम कर रही हैं, ताकि त्योहार के दौरान होने वाली बिक्री से उनके परिवारों की आर्थिक स्थिति को भी सहारा मिल सके।

गोबर से बना रहीं इको-फ्रेंडली दीये : नंदिनी स्वयं सहायता समूह की संचालिका अंजू ने बताया कि समूह की महिलाएं इन दिनों पर्यावरण के अनुकूल दीये तैयार कर रही हैं। इन्हें गाय के गोबर और मुल्तानी मिट्टी को मिलाकर बनाया जाता है। इसके बाद रंगों से सजाकर इन्हें आकर्षक रूप दिया जाता है। उम्मीद है कि इससे अच्छी आमदनी होगी।



फूल मालाएं तैयार करतीं बघरा विकास खंड में नई सोच स्वयं सहायता समूह की महिलाएं। संवाद

आगरा से मूर्तियां मंगाकर कर रहीं सप्लाई

नई सोच स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष गीता ने बताया कि समूह से जुड़कर सीसीएल, सीआईएफ और स्टार्टअप निधि के जरिए स्वरोजगार की दिशा में कदम बढ़ाए हैं। समूह की महिलाएं आर्टिफिशियल फूलों की मालाएं बनाने में जुटी हैं। लक्ष्मी-गणेश की आकर्षक मूर्तियां आगरा के बाजार से मंगाई जा रही हैं। ऑर्डर के आधार पर मूर्तियां मंगाकर जिले और आसपास के शहरों में सप्लाई भी हो रही हैं।


Centauri 5
Luxus Twist
सुंदर पंखों से
अपने घर को सजाएँ
www.kuhl.in
डेमो के लिए:
9582 123456
Kühl
Stylish Fans

न्यूज डायरी



घासीपुरा दुर्गा मेले में पूजा अर्चना की सामग्री खरीदते श्रद्धालु। संवाद

दुर्गा मेले में प्रसाद चढ़ाकर मन्नत मांगी

मंसूरपुर। नेशनल हाईवे घासीपुरा में चौदस के अवसर पर मां दुर्गा का मेला शुरू हो गया है। मेले के संरक्षक विजय राज सिंह और ममता सिंह ने विधिवत रूप से से पूजा अर्चना कर मेले का शुभारंभ किया। आज श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के मंदिर में प्रसाद चढ़ाकर मन्नत मांगी। मेले में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पुलिस तैनात रही। 26 से 28 अक्तूबर तक मेले में तीन दिन तक दंगल का आयोजन भी किया जाएगा। संवाद

गीतापाठ और संकीर्तन के भक्तिरस में झूमे श्रद्धालु

मुजफ्फरनगर। श्रीकृष्ण कृपा जीओ गीता परिवार की ओर से घर-घर गीता, हर-घर गीता अभियान के तहत रेलवे स्टेशन स्थित शिव मंदिर में गीतापाठ और संकीर्तन का आयोजन किया गया। गणेश वंदना, मां शारदा का गुणगान, नमो भगवते वासुदेवाय मंत्र का जाप और अष्टादश श्लोकी गीतापाठ किया गया। संकीर्तन में संजय अरोरा, विमल प्रताप और मीनाक्षी शर्मा ने भजनों के माध्यम से राधारानी का गुणगान किया। विपिन गुप्ता के भजन पर श्रद्धालु भक्तिरस में झूम उठे। परिवार के सचिव अतुल गर्ग और वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामवीर सिंह ने कहा कि अच्छे लक्ष्य, सच्चे भाव और दृढ़ विश्वास से श्रीकृष्ण की कृपा का अनुभव होता है। संवाद



रतनपुरी स्थित मनसा देवी मंदिर पर मेले के लिए सजी दुकानें। संवाद

मनसा देवी मंदिर रतनपुरी में आज से मेला

रतनपुरी। मनसा देवी मंदिर रतनपुरी में शारदीय नवरात्र के उपलक्ष्य में लगने वाले तीन दिवसीय मेले की तैयारियां पूर्ण हुई। समिति के सचिव बिजेंद्र सिंह ने बताया कि दुकानें सज चुकी हैं। मेले की निगरानी के लिए संपूर्ण मेला क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था भी की गई है। साथ में मेले में कुश्ती प्रेमियों के लिए इनामी दंगल का भी आयोजन किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष तरसपाल सिंह अध्यक्ष ने बताया कि दो बार शारदीय और चैत्र नवरात्रों के बाद पड़ने वाली चतुर्दशी और पूर्णिमा को विशाल मेले का आयोजन किया जाता है। संवाद

वोटर लिस्ट में 43 शिक्षकों के नाम नहीं चढ़ाने का आरोप

एमएलसी चुनाव : चौधरी छोटूराम और डीएवी डिग्री कॉलेज के शिक्षकों ने जताई नाराजगी

संवाद न्यूज एजेंसी

मुजफ्फरनगर। उत्तर प्रदेश विधान परिषद की मेरठ-सहारनपुर शिक्षक निर्वाचन सीट की मतदाता सूची में नाम शामिल नहीं करने का आरोप लगाया है। शिक्षकों ने शहर के दो प्रतिष्ठित महाविद्यालयों के 43 शिक्षकों के वोटर लिस्ट में नाम दर्ज नहीं होने पर व्यवस्था और संबंधित अधिकारियों की कार्यशैली पर सवाल उठाया है।

चौधरी छोटूराम स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सहायक आचार्य डॉ. आईडी शर्मा ने बताया कि उनके कॉलेज के 24 शिक्षक और डीएवी डिग्री कॉलेज के 19 शिक्षकों ने एमएलसी शिक्षक चुनाव के लिए मतदाता बनने के उद्देश्य से निर्धारित प्रपत्र भरकर संबंधित सक्षम अधिकारी को उपलब्ध कराए थे।

इसके बावजूद दोनों महाविद्यालयों के किसी भी शिक्षक का नाम मेरठ-सहारनपुर शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता सूची में शामिल नहीं किया गया।

कहा कि मतदाता बनने के लिए निर्धारित प्रक्रिया पूरी करने के बाद भी नाम सूची में शामिल नहीं होना गंभीर मामला है। इससे 43 शिक्षक अपने मताधिकार का प्रयोग करने से वंचित रह गए हैं।

खतौली में मतदाता सूची में नाम नहीं मिलने पर किया हंगामा : मतदाता पुनरीक्षण अभियान के तहत श्रीदेवी मंदिर कन्या इंटर कॉलेज में बूथ पर बैठे बीएलओ पर मतदाता सूची से वोट काटने का आरोप लगाते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं ने हंगामा किया।

मतदाता पुनरीक्षण अभियान के तहत शनिवार को बीएलओ ने बूथों पर बैठकर नए मतदाताओं के फार्म भरने, मतदाता सूची में नाम त्रुटि आदि के फार्म भरे। श्रीदेवी मंदिर कन्या इंटर कॉलेज के बूथ पर मोहल्ला काशीराम निवासी सोनू ने पहुंच कर मतदाता सूची अपने परिवार की वोट देखी। मतदाता सूची में वोट नहीं मिलने पर उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं को जानकारी दी।

सोनू का आरोप था कि बीएलओ ने उनके पिता सुभाषचंद, विजयलक्ष्मी की वोट काट दी है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने बूथ पर हंगामा करते हुए बीएलओ पर वोट काटने का आरोप लगाया।

एसडीएम डॉ. ललित मिश्रा ने बताया कि बीएलओ से जानकारी प्राप्त कर फार्म भरवाकर मतदाता सूची में नाम शामिल कराया जाएगा। हंगामा करने वालों में सभासद अजय भुर्जी, अनुज सहरावत, विनीत ठाकुर, राजकुमार, सतपाल, राजू उपाध्याय आदि शामिल थे।



खतौली में श्रीदेवी मंदिर कन्या इंटर कॉलेज बूथ पर हंगामा करते भाजपा कार्यकर्ता। संवाद



चरथावल में बूथ पर वोट बनवाते वोटर। संवाद

बूथों पर शिविर लगाकर बनवाएं नए वोट

चरथावल। ब्लॉक के गांवों में मतदान केंद्रों पर बीएलओ ने शिविर लगाकर वोट बनाने के लिए पात्र लोगों के फार्म इकट्ठा किए। प्राइमरी पाठशाला दूधली, आलमगीरपुर व बलवाखेड़ी और छमाऊ में भाजपा नेता उत्तर प्रदेश महिला आयोग की सदस्या सपना कश्यप, सह संयोजक बृजपाल सिंह, विजय रोहिल्ला, ओमवीर सिंह और सुरेंद्र कश्यप मौजूद रहे। जिन लोगों की विधानसभा एवं लोकसभा की वोट नहीं बनी थी, उनके कैंप में उनके फार्म भरवाए गए। उधर, चरथावल में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मतदाता सूची का अवलोकन किया। भाजपा नेता सचिन शर्मा ने बताया आर्य कन्या इंटर कॉलेज के चार बूथों पर 19 फार्म भरवाए गए। संवाद

मतदाता सूची में नाम जुड़वाने को भरे गए फॉर्म

जानसठ। मतदाता सूची में नाम शामिल कराने से वंचित रह गए पात्र नागरिकों और युवा मतदाताओं के लिए विशेष अभियान चलाया गया। शनिवार को डीएवी इंटर कॉलेज में बने बूथ पर नए मतदाता फॉर्म जमा कराने पहुंचे। एसडीएम जानसठ रीम लाम्बा ने बताया कि विशेष अभियान का उद्देश्य ऐसे पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में शामिल करना है, जिनका नाम किसी कारणवश अभी तक दर्ज नहीं हो पाया है। वह अपने संबंधित बूथ पर पहुंचकर बीएलओ से संपर्क कर फॉर्म-6 भर सकते हैं। संवाद

विनम्रता, समर्पण व्यक्ति को महान बनाते हैं : प्रवीण

संवाद न्यूज एजेंसी

खतौली। तहसील मार्ग स्थित स्वामी पागलाचार्य धाम में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन कथा व्यास प्रवीण तिवारी ने वामन अवतार, भगवान श्रीराम अवतार तथा भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की कथा का भावपूर्ण वर्णन किया।

कथा व्यास ने कहा कि भगवान के प्रत्येक अवतार के पीछे धर्म की स्थापना, अधर्म का विनाश और मानवता के कल्याण का उद्देश्य रहा है। वामन अवतार की कथा सुनाते हुए बताया कि अहंकार और सत्ता का मद मनुष्य के पतन का कारण बन सकता है। विनम्रता, सत्य और समर्पण व्यक्ति को महान बनाते हैं।



पंडित प्रवीण तिवारी। संवाद

भगवान श्रीराम के जीवन प्रसंगों का वर्णन करते हुए उन्होंने मर्यादा, त्याग, कर्तव्यनिष्ठा और आदर्श जीवन अपनाने की प्रेरणा दी। भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव की कथा सुनाते हुए कहा कि जब जब धरती पर अधर्म बढ़ता है, तब भगवान किसी न किसी रूप में धर्म की रक्षा के लिए अवतरित होते हैं।



खतौली में श्रीमद्भागवत कथा सुनते श्रद्धालु। संवाद

श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के प्रसंग ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। श्रीकृष्ण के जयकारों से धाम का वातावरण भक्तिमय हो उठा। कथा में अनिल पुंडीर, ठाकुर सुशील, गौरी पुंडीर, अशा, नितारा अरोड़ा, विपिन चौहान, सतपाल सिंह मौजूद रहे।

खाद्यान्न वितरण की अंतिम तिथि 30 अक्तूबर तक बढ़ी

संवाद न्यूज एजेंसी

मुजफ्फरनगर। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत खाद्यान्न वितरण की अंतिम तिथि 30 अक्तूबर तक बढ़ा दी गई है। जिला पूर्ति अधिकारी ओमहरि उपाध्याय ने यह जानकारी दी है।पहले यह वितरण 25 अक्तूबर तक होना था।

उन्नाव जनपद में कुछ उचित दर विक्रेताओं को अक्तूबर माह का खाद्यान्न देर से मिला। इस कारण निर्धारित तिथि तक सभी कार्डधारकों को वितरण संभव नहीं हो पाया। लाभार्थियों को खाद्यान्न उपलब्ध कराने के लिए यह तिथि बढ़ाई गई है। ई-पॉस मशीन से आधार आधारित वितरण होगा। मोबाइल ओटीपी और पोर्टेबिलिटी की सुविधा भी इस विस्तारित अवधि में उपलब्ध रहेगी।

सभी अन्त्योदय और पात्र गृहस्थी कार्डधारक 30 अक्तूबर तक निशुल्क खाद्यान्न प्राप्त कर सकते हैं। उचित दर विक्रेताओं को पर्यवेक्षणीय अधिकारियों की उपस्थिति में वितरण करने के निर्देश दिए गए हैं। ब्यूरो

अभ्यास से श्वसन क्षमता बढ़ाने में मिलती है मदद

मुजफ्फरनगर। भारतीय योग संस्थान की ओर से एसडी मार्केट में चल रहे योग शिविर में बदलते मौसम के दौरान दिनचर्या में योग को शामिल करने पर जोर दिया गया। योग प्रशिक्षक संजीव कुमार गोयल ने बताया कि मौसम बदलने के दौरान खानपान के साथ शारीरिक गतिविधियों का ध्यान रखना भी जरूरी है। नियमित योग अभ्यास से शरीर की सक्रियता बनाए रखने, तनाव कम करने और श्वसन क्षमता को बेहतर रखने में मदद मिलती है। उन्होंने बताया कि अनुलोम-विलोम और भ्रामरी प्राणायाम मन को शांत रखने तथा श्वास पर नियंत्रण का अभ्यास करने में सहायक हैं। ताड़ासन, भुजंगासन और वज्रासन जैसे योगाभ्यास शरीर को सक्रिय रखने बनाए रखने में मदद करते हैं। शिविर में ज्ञानचंद अरोड़ा, सुभाषचंद गुप्ता, विनय कुमार, सुषमा रानी, आराधना, विनोद कुमार, राकेश मौजूद रहे। संवाद

दुर्गा चतुर्दशी पर मंदिर में उमड़े श्रद्धालु

चरथावल। दुर्गा चतुर्दशी पर हैबतपुर दुर्गा मंदिर में श्रद्धालुओं ने हलवा पूरी का प्रसाद चढ़ाया। आस्था और विश्वास के साथ माता रानी के चरणों में नतमस्तक हुए। चरथावल सहित अनेक दुर्गा मंदिरों में श्रद्धालुओं ने मत्था टेका।

गांव में हर साल लगने वाले परंपरागत मेले में गांव के अलावा निरधना, खुसरोपुर, सिंगलपुर, लुहारी खुर्द, दफरपुर, अमीगढ़ आदि से श्रद्धालुओं ने पहुंचकर माँ दुर्गा की आराधना की। कमेटी की ओर से शुक्रवार रात मां भगवती के जागरण का आयोजन किया। कलाकार पवन पाल, पंकज सिंघल, मनीष और डालचंद ने भजन प्रस्तुत किए।

पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीष गर्ग, ग्राम प्रशासक प्रिंस सिंघल, बृजमोहन सिंघल, नीरज सिंघल, अमित सिंघल, दीपक, मनोज और अमित का सहयोग रहा। चरथावल देवी मंदिर, दूधली, कुटेसरा में श्रद्धालुओं ने मत्था टेका। प्राच्य देवी मंदिर के पुजारी पंडित सुशील शर्मा ने बताया दुर्गा चतुर्दशी का प्रसाद रविवार को भी चढ़ाया जाएगा। संवाद

छपासर में वार्षिकोत्सव वैदिक यज्ञ के साथ संपन्न

संवाद न्यूज एजेंसी

छपार। छपार के रामलीला परिवार में आर्य समाज का दो दिवसीय वार्षिकोत्सव वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ के आयोजन से संपन्न हुआ।

कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में धर्म के प्रति अच्छा संदेश देते हैं और होते रहने चाहिए। यज्ञ आचार्य सुरेंद्र आर्य ने वैदिक मंत्रों से यज्ञ को संपन्न कराया।

इस कार्यक्रम में शुक्रताल से सत्यदेव शास्त्री और बरला, बसेड़ा, खिंदडिया, सिमरती, महरायपुर सहित दर्जनों गांवों से आर्य समाज के अनुयायी पहुंचे। अनुयायियों ने यज्ञ में आहुतियां दीं और बाहर से आए आचार्यों के प्रवचन व उपदेश सुने। कुछ विद्वानों ने भजन सुनाकर भी उपदेश दिया।

आयोजक सुभाष त्यागी, मनोज त्यागी प्रधान, राकेश आडवाणी, अजय धीमान, विक्रम धीमान, वंश त्यागी, सोनाथ त्यागी, विकास त्यागी, विजयपाल त्यागी, आचार्य नरेंद्र सिंह, आचार्य कुंवरपाल और तपेश शर्मा उपस्थित रहे।



वार्षिकोत्सव में पहुंचे कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार। स्रोत : आयोजक

जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का करें संचय : शास्त्री

ककरौली। कथा व्यास अचल कृष्ण शास्त्री ने कहा कि संसार में वही व्यक्ति धन्य और धनवान है, जिसके जीवन में सेवा और भगवद्भक्ति से सकारात्मक ऊर्जा का संचय है। भगवद् कथाओं से हृदय में भक्ति प्रगाढ़ होती है और मन प्रभु चरणों में लगता है। तीर्थनगरी शुकतीर्थ स्थित भागवत पीठ श्री शुकदेव आश्रम में विजय नगर कालोनी, आगरा के सत्यवती गुप्ता और डॉ. सुबोध कुमार गुप्ता के पुण्य संकल्प से चल रही भागवत कथा में कथा व्यास अचल कृष्ण शास्त्री ने कहा कि भगवान के पांच प्रकार के भक्त हैं। एक शांत भाव वाले, जो ज्ञानी जन हैं तथा आत्मा में परमात्मा का चिंतन करते हैं। दूसरे दास्य भाव वाले, भगवान को अपना स्वामी मानते हैं जैसे श्री हनुमान जी। तीसरे सख्य भाव वाले, जो सखा मानकर भगवद् आराधना करते हैं, गोप ग्वाल, विभीषण आदि। चौथे वात्सल्य भाव वाले, जो बालक मानकर भगवान की उपासना करते हैं, जैसे मनु शतरूपा जी। पांचवें श्रृंगार भाव वाले, जो प्रियतम मानकर भगवद उपासना करते हैं, जैसे गोपियां। कथा व्यास ने आगे कहा कि समाज की सच्चाई है कि वर्तमान समय में गलत लोग गलत करके भी शर्मिंदा नहीं होते हैं और सही लोग केवल इल्जाम से ही टूट जाते हैं। प्रत्येक मनुष्य को जीवन में सदैव सकारात्मक ऊर्जा का भंडारण करना चाहिए। संवाद

रोहाना खुर्द में गन्ना गोष्ठी उन्नत बोआई के लाभ बताए

रोहाना कलां। ग्राम रोहाना खुर्द में आईपीएल के गन्ना विभाग ने एक गन्ना गोष्ठी का आयोजन किया। इसमें किसानों को उन्नत किस्म की फसल की बोआई से बेहतर दाम मिलने की जानकारी दी गई। गन्ना प्रबंधक संजीव चौधरी ने बताया कि सितंबर में गन्ने की बोआई के साथ सह-फसली खेती करनी चाहिए।

इससे किसानों को उपज का अधिक लाभ मिलेगा। उन्होंने नई किस्म के गन्ने की बोआई के साथ कम उर्वरक के प्रयोग पर भी जोर दिया। इससे खेत में अधिक पैदावार होगी। इस अवसर पर पंकज भगत, सतीश भारद्वाज, सतीश सेठ, डिस्टिलरी यूनिट हेड भरत सिंह, विक्रांत चौधरी और विपिन चौधरी भी मौजूद रहे। अध्यक्षता राकेश त्यागी और संचालन गोपाल गिरी ने किया। संवाद

बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda

मुजफ्फरनगर, एलआईसी बिल्डिंग, 157, अंसारी रोड, मुजफ्फरनगर, जिला– मुजफ्फरनगर–251001 (उ.प्र.)

संक्षिप्त वाहन
ई– नीलामी नोटिस

आम जनता और खास तौर पर ऋणकर्ता (ऋणदाताओं) और गारंटर (गारटंरों) को यह सूचना दी जाती है कि बैंक ने पार्टियों द्वारा निष्पादित बंधक/ऋण समझौते के तहत शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे उल्लिखित बंधक मोटर वाहन को वापस ले लिया है/जब्त कर लिया है, और वाहन को नीचे उल्लिखित खाते/खातों में बकाया राशि की वसूली के लिए '' जैसा है जहाँ है'' और ''जो कुछ भी है'' के आधार पर बेचा जाएगा। ऋणकर्ता/गारंटर/वाहन/कुल बकाया/आरक्षित मूल्य/ई-नीलामी तिथि और समय, ईएमडी और बोली वृद्धि राशि का विवरण नीचे दिया गया है।

क्रं सं.	ऋणकर्ता का नाम और पता	कुल देयता	वाहन निर्माता और मॉडल पंजीकरण संख्या	1. ई-नीलामी की तिथि 2. ईएमडी का समय और आरम्भ का समय ----------और अन्तिम समय----------	1. आरक्षित मूल्य 2. बयाना राशि जमा (ईएमडी) 3. बोली वृद्धि राशि	वाहन निरीक्षण की तिथि और समय
1.	ऋणकर्ताः– राजीव कुमार पुत्र वीरेन्द्र कुमार 154/1, साउथ सिविल लाईन्स, मुजफ्फरनगर, उ.प्र.- 251001	रू. 2,50,928.40/- + ब्याज दिनांक 23.10.2026 और अन्य कानूनी खर्चे।	TRIBER RXZ PETROL, MT 1.0 ECE, Aug 2021 UP-12 BJ 1883	ई-नीलामी की दिनांक 27.11.2026 ई-नीलामी की आरम्भ समय अपरान्ह 2:00 बजे से सांय 6.00 बजे तक	आरक्षित मूल्य रूपये. 3,27,250/- बयाना राशि जमा (ईएमडी) रूपये- 32,725/- बोली वृद्धि राशि रू. 5,000/-	दिनांक 20.11.2026 अपरान्हः 2:00 बजे से सांय 6.00 तक

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तो के लिए कृपया वेबसाइट लिंक https://www.baanknet.com देखें। संभावित बोलीदाता श्री अरविन्द कुमार से मोबाइल 8477009482 पर संपर्क कर सकते है।

दिनांक– 24.10.2026 | स्थान–मुजफ्फरनगर | प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन
(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार)
क्षेत्रीय कार्यालयः निधि भवन, सैक्टर–5, जागृति विहार, मेरठ

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, क्षेत्रीय कार्यालय, मेरठ के पेंशनर हेतु महत्वपूर्ण सूचना

प्रिय पेंशन लाभार्थियों,

यह सूचित किया जाता है कि यदि आपकी मासिक पेंशन रुकी हुई है या आपको पेंशन सम्बंधित कोई अन्य समस्या आ रही है, तो कृपया निम्नलिखित निर्देशों का पालन करें:

1. जीवन प्रमाण :
- यदि आपने अपने जीवन प्रमाण पत्र को जमा नहीं कराया है, तो कृपया तुरंत निम्नलिखित स्थानों पर पहुँच कर जीवन प्रमाण पत्र (DLC) पूर्ण करवा लें:
  - इंडियन पोस्ट पेमेंट बैंक/Indian Post Payment Bank (IPPB)– निःशुल्क सुविधा
  - जन सेवा केंद्र (CSC)
  - अपने बैंक में (जहाँ आपका खाता है)
  - भविष्य निधि कार्यालय (निधि भवन, जागृति विहार, सेक्टर–5, मेरठ–250004) या अन्य किसी भी भविष्य निधि कार्यालय में अथवा
  - "JeevanPramaan" एवं "AadhaarFaceRD" App download करके भी आप घर बैठे जीवन प्रमाण पूर्ण करवा सकते हैं। विस्तृत जानकारी "https://youtu.be/dob5gqk42lQ?si=QTb86A93JH2DJs9t" पर उपलब्ध है।
- इंडियन पोस्ट पेमेंट बैंक (IPPB) के माध्यम से जीवन प्रमाण पत्र निःशुल्क बनवाने हेतु अपने नजदीकी डाकघर से संपर्क करें।
- जीवन प्रमाणन के लिए आधार, बैंक खाता विवरण और PPO नंबर साथ लाना न भूलें।
- यदि आपका डिजिटल जीवन प्रमाण किसी कारण नहीं हो पा रहा है तो बैंक से जीवन प्रमाण पत्र बनवा कर बैंक के माध्यम से कार्यालय में जमा कराये।
- भविष्य निधि में आवृत समस्त प्रतिष्ठानों से अपेक्षा की जाती है कि वह अपने पूर्व कर्मचारियों/पेंशनरों के सन्दर्भ में जीवन प्रमाण सुनिश्चित करवाएं। साथ ही ट्रेड यूनियन प्रतिनिधि सदस्य भी इस निभाते समस्त सदस्यों/पेंशनरों में जीवन प्रमाण करवाने हेतु प्रयास करें ताकि पेंशनरों को अधिक से अधिक लाभ मिल सके।

2. मृतक पेंशनर के परिवारजन :
- यदि किसी पेंशनर का निधन हो गया है, तो उनके परिवारजनों को मृत्यु प्रमाण पत्र के साथ निम्नलिखित दस्तावेजों के साथ दावा प्रस्तुत करना होगा:
  - आवेदन पत्र/Descriptive Roll (मूल प्रति)
  - पेंशनर का मृत्यु प्रमाण पत्र
  - विधवा/विधुर/बच्चों के आधार कार्ड की सत्यापित प्रति
  - विधवा/विधुर/बच्चों की बैंक पासबुक की सत्यापित प्रति अथवा रद्द चेक (Cancelled Cheque)। सभी के बैंक खाते एक ही बैंक शाखा में होने चाहिए।

इन दस्तावेजों को भविष्य निधि कार्यालय, मेरठ में डाक द्वारा या स्वयं आकर जमा करें ताकि पारिवारिक पेंशन या पूंजी वापसी जारी की जा सके। (आवेदन पत्र/Descriptive Roll एवं सारे दस्तावेज की प्रतिलिपि बैंक/नियोक्ता/राजपत्रित अधिकारी द्वारा सत्यापित (एटेस्टेड) होनी चाहिए।)

3. सहायता और संपर्क :
- फोन : 0121-2604637 / 2603034
- ई–मेल : ro.meerut@epfindia.gov.in
- पता :
  - कर्मचारी भविष्य निधि कार्यालय, निधि भवन, जागृति विहार, सेक्टर–5, मेरठ–250004
  - कर्मचारी भविष्य निधि कार्यालय, जिला कार्यालय, बी–206, नन्दग्राम, गाजियाबाद–201003
  - कर्मचारी भविष्य निधि कार्यालय, जिला कार्यालय, नई मंडी, मुजफ्फरनगर–251001
  - कर्मचारी भविष्य निधि कार्यालय, जिला कार्यालय, SBI कालोनी, विकास भवन के सामने, सहारनपुर–247001

(सहायक भविष्य निधि आयुक्त, मेरठ)

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन
(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार)
क्षेत्रीय कार्यालयः निधि भवन, सैक्टर–5, जागृति विहार, मेरठ

प्रेस विज्ञप्ति

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन प्रत्येक जिले में "निधि आपके निकट" कार्यक्रम का आयोजन करता है। आजादी का अमृत महोत्सव के तहत भागीदारी बनाते हुए कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, क्षेत्रीय कार्यालय मेरठ अपने सभी सम्मानित भविष्य निधि सदस्यों/नियोक्ताओं की सभी प्रकार की समस्याओं जैसे भविष्य निधि दावापत्रों के भुगतान, सदस्यों के खाते से संबंधित विवरण को अद्यतन करने, नियोक्ता द्वारा भविष्य निधि का लाभ ना प्रदान करने संबंधी इत्यादि शिकायतों के निपटारे हेतु निम्नलिखित स्थानों पर दिनांक 27.10.2026 को प्रातः 9.00 से "निधि आपके निकट" कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। सभी भविष्य निधि सदस्य/नियोक्ता/पेंशनर अपनी समस्याओं से संबंधित दस्तावेजों के साथ इस कार्यक्रम में उपस्थित होकर समस्याओं का समाधान प्राप्त कर सकते हैं।

जनपद	स्थान
सहारनपुर	Goodluck Publishers Limited, E-4, Industrial Estate, Delhi Road, Saharanpur
मेरठ	DAV Public School, Shastri Nagar, Meerut
मुजफ्फरनगर	Bindlas Duplux Ltd., Bhopa Road, Muzaffarnagar
बिजनौर	Mohit Paper Mill, 9km Milestone, Nagina Road, Bijnor
बागपत	DAV Public School, Baghpat
हापुड़	B R P Infotech Pvt. Ltd.,F-394 Phase-1, MG Road Indl. Area Hapur
गाजियाबाद	Micromatic Grinding Technologies Pvt. Ltd., C28, Meerut Road Industrial Area, Ghaziabad
शामली	Amar Splints Pvt. Ltd., Industrial Estate Shamli Plot No. 1033, Shamli
बुलन्दशहर	Vectus Polymers Private Limited, B-9, UPSIDC Industrial Area, Jokhabad, Sikandrabad, Bulandshahr

सहायक भविष्य निधि आयुक्त, मेरठ